# शासकीय योजनाओं की समुदाय आधारित निगरानी - जनसंवाद

(वर्ष -2022)

राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र, छत्तीसगढ़

# विषय सूची

| | |
|---|---|
| **अध्याय - 1**<br>शासकीय योजनाओं की समुदाय आधारित निगरानी - जनसंवाद (वर्ष 2022) | 1-6 |
| **अध्याय - 2**<br>शहरवार जनसंवाद की जानकारी | 7-20 |

# शासकीय योजनाओं की समुदाय आधारित निगरानी - जनसंवाद

**(वर्ष 2022)**

# शासकीय योजनाओं की समुदाय आधारित निगरानी - जनसंवाद
# वर्ष-2021

**परिचय** –

लोगों के लिए भोजन, शिक्षा, पानी, स्वास्थ्य और रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी होती है। शासन द्वारा आमजन की सुविधा के लिए जनसुरक्षा आधारित योजनाओं का निर्माण किया जाता है परन्तु योजना का लाभ हकदारों को नहीं मिल पाता।

जमीन स्तर पर इन योजनाओं के क्रियान्वयन में लगने वाला समय व संसाधन, आमजन, शासकीय कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों में योजनाओं के प्रति जागरूकता का अभाव एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा उसे हितग्राहियों तक पहुंचाने की इच्छाशक्ति में कमी के कारण हितग्राही अपने अधिकार से वंचित रह जाते हैं। आमजन को उनके अधिकार का लाभ समय पर और पूरा मिल सके इसके लिए समुदाय की जागरूकता के साथ ही आवश्यक होता है स्वास्थ्य और उससे जुड़े मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों का जुड़ाव।

शहरी मितानिन कार्यक्रम गत 9 वर्षों से 19 शहरों में रहने वाले गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों के स्वास्थ्य और उससे जुड़े अधिकारों के लिए शासन और समुदाय के बीच समन्वय स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मितानिन कार्यक्रम के अंतर्गत वर्तमान में प्रत्येक पारा में लोगों की स्वास्थ्य और उससे जुड़ी समस्याओं को हल करने के लिए महिला आरोग्य समिति सक्रीय रूप से कार्यरत है। महिला आरोग्य समिति के द्वारा अपने पारा स्तर पर स्वच्छता, शराबबंदी, महिला हिंसा पर रोक के साथ ही साथ गरीब बीमार मरीज के इलाज में मदद और शासन की राशन, पानी, सामाजिक सुरक्षा आदि योजनाओं की लोगों तक पहुंच की समुदाय आधारित निगरानी की जाती है। समिति के सामुदायिक प्रयास से बहुत सी शासकीय समस्याएं तो पारा स्तर पर हल हो जाती है परन्तु कुछ समस्याओं का हल पारा स्तर पर नहीं हो पाता है जिसके लिए जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों के मध्य ..... स्तर एवं जिला स्तर संवाद का आयोजन किया जाता है।

**जनसंवाद का उद्देश्य** –

- समुदाय को अपनी समस्या रखने का अवसर देना
- अधिकारियों को क्षेत्र स्तरीय समस्याओं से अवगत कराना
- वार्ड के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों का स्वास्थ्य से जुडाव बढ़ाना
- महिला आरोग्य समिति को सशक्त बनाना

जनसंवाद एक मंच है जहां जनता अपनी समस्याओं और अपने मूलभूत अधिकारों की मांगों को शासन के प्रतिनिधियों के समक्ष बेझिझक रखते हैं। गत 6 वर्षों में शहरी गरीब लोगों के लिए जनसंवाद एक लोकतांत्रिक मंच के रूप में कार्य कर रहा है।

शहरी मितानिन कार्यक्रम के अंतर्गत जनसंवाद कार्यक्रम की शुरूआत 2016 में 2 शहरों से की गयी थी, 2017 में 7 शहरों में, 2019 में 13 शहरों में 15 जनसंवाद का आयोजन किया गया था। जनसंवाद के आयोजन से सकंरात्मक प्रतिफल को देखते हुए वर्ष 2021–22 में 20 शहरों में 22 जनसंवादों का आयोजन किया गया।

# जनसंवाद 2021—22

**''हम तो अपना हक मांगते, नहीं किसी से भीख मांगते'', ''स्वास्थ्य हमारा अधिकार है'', ''राशन हमारा अधिकार है'', ''आवाज दो हम एक है''** ।

इन नारों के साथ फरवरी व मार्च 2021—22 में राज्य के 18 शहरों में महिला आरोग्य समिति के द्वारा 21 जनसंवाद का आयोजन कर ..... प्रतिभागियों के द्वारा नगरीय प्रशासन और जनप्रतिनिधयों समक्ष अपने अधिकार की आवाज उठाई गयी। इस वर्ष जनसंवाद कार्यक्रम में जनसमस्या के 5049 आवेदन जनप्रतिनिधियों के समक्ष समाधान के लिए प्रस्तुत किए गए। 18 शहरों में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में 154 पार्षदों 2 सम्मेलनों में सभापति, 6 सम्मेलनों में महापौर एक सम्मेलन में आयुक्त, 5 सम्मेलन में पुलिस विभाग के कर्मचारी महिला एवं बाल विकास विभाग से 9 सम्मेलनों में 37 कर्मचारियों ने भाग लिया इसके साथ बी.एम.ओं ने दो सम्मेलनों एवं सी.एम.ओ. 1 सम्मलेन में, 8 सम्मेलनों में 12 डाक्टरों एवं शहरी कार्यक्रम प्रबंधक 6 सम्मेलनों में भाग लिया।

जनसंवाद के दौरान हितग्राहियों द्वारा विभिन्न समस्यों पर जो आवेदन दिए गए उससे संबंधित विस्तृत जानकारी निम्न है—

1. **स्वास्थ्य समस्या**—20 शहरों में आयोजित सभी 22 सम्मेलनों में स्वास्थ्य संबंधी समस्या के 2023 आवेदन स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों एवं कर्मचारियों को दिए गए। निम्न समस्याओ से संबंधित आवेदन जमा दिए गए —

- अन्य बीमारियों का पैसा दावापत्र में जोड़ने बाबत
- कोरोना काल में किये गए कार्य का पैसा मिलने
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्चों के डॉक्टर की मांग
- शासकीय स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत स्मार्ट कार्ड नहीं बन पाने की समस्या
- स्मार्ट कार्ड होते हुए शासकीय स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत भर्ती मरीजों से निजी अस्पतालों द्वारा अतिरिक्त राशि लेने संबंधी
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सांप व कुत्ता काटने से बचाव का इंजेक्शन की कमी संबंधी
- मितानिन से अस्पताल में दुर्व्यवहार करने संबंधी
- जननी सुरक्षा योजना की राशि नहीं मिलने संबंधी
- नसबंदी की राशि नहीं मिलने संबंधी
- 102 व 108 गाड़ी समय पर नहीं मिलने संबंधी
- उप स्वास्थ्य केंद्र में आया की मांग
- जिला अस्पताल से मरीजों को निजी अस्पताल रेफर करना
- प्रसव के बाद मरीज के परिजनों से अस्पताल के कर्मचारियों के द्वारा पैसों की मांग
- रविवार के दिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव कराने के लिए कर्मचारी नहीं होना
- टी.बी. के मरीजों को राशि नहीं मिलना

# जनसंवाद कार्यक्रम में समस्या संबंधी प्राप्त जानकारी

| क्र. | शहर | स्वास्थ्य | समाधान | नगर निगम | समाधान | महिला एवं बाल विकास | समाधान | विद्युत् | समाधान | खाद्य | समाधान | शिक्षा | समाधान | पुलिस | समाधान | अन्य | समाधान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रिसाली भिलाई | 41 | 3 | 20 | 2 | 2 | 1 | | | 3 | | | | 1 | 1 | | |
| 2. | कोरबा | 147 | | 215 | | 50 | | 22 | | | | 4 | | 3 | | 58 | |
| 3. | भिलाई | 218 | | 39 | | 44 | | | | 2 | | 2 | | 3 | | | |
| 4. | जांजगीर | 82 | | 49 | | 23 | | | | 3 | | 3 | | | | 11 | |
| 5. | कांकेर | 4 | 1 | 85 | 6 | 8 | 1 | | | | | 3 | | | | 3 | |
| 6. | मुंगेली | 30 | | 21 | 1 | | | | | | | | | | | 9 | |
| 7. | कवर्धा | 11 | 2 | 102 | 1 | 10 | | | | | | 4 | | | | 28 | |
| 8. | भाटापारा | 58 | | 54 | | 5 | | | | 3 | | | | | | | |
| 9. | महासमुंद | 16 | | 47 | 3 | 25 | 2 | 7 | | 7 | | 3 | | | | | |
| 10. | अंबिकापुर | 33 | 5 | 82 | | 16 | | | | | | | | | | | |
| 11. | चरोदा | 116 | 39 | 65 | 7 | 32 | 15 | 29 | | 7 | 5 | 4 | 1 | | | | |
| 12. | चिरमिरी | 39 | 1 | 90 | 21 | 2 | | 15 | 2 | 47 | | | | 5 | 1 | 14 | 9 |
| 13. | रायपुर | 44 | | 78 | | | | | | 19 | 19 | 24 | | 3 | | 55 | |
| 14. | रायगढ़ | 449 | 53 | 235 | 106 | 49 | 18 | 10 | 2 | 81 | 9 | | | 15 | 6 | 126 | 20 |
| 15. | धमतरी | 205 | | 85 | | 14 | | | | | | | | | | | |
| 16. | राजनांदगांव | 20 | | 17 | | 4 | | | | 3 | | | | 3 | | 25 | |
| 17. | रायपुर | 101 | | 21 | | 29 | | | | 8 | | 15 | | 1 | | 40 | |
| 18. | रायपुर | 65 | | 25 | | 34 | | 1 | | 9 | | 3 | | 4 | | 74 | |
| 19. | बिरगांव | 31 | | 62 | 20 | 11 | 8 | | | 14 | 7 | | | | | | |
| 20. | दुर्ग | 76 | | 23 | 4 | 3 | | | | | | | | | | 125 | |
| 21. | जगदलपुर | 81 | | 41 | | 7 | | 1 | | 1 | | | | | | 68 | |
| 22. | बिलासपुर | 104 | 3 | 156 | 10 | 32 | 2 | 3 | | 9 | | | | 3 | | 59 | |
| | | 2023 | 108 | 1612 | 52 | 400 | 10 | 59 | | 216 | 26 | 61 | 1 | 41 | 1 | 573 | |

- वृद्धजनों को ओ.पी.डी. में पर्ची कटवाने का पैसा लेना
- सिकलिंग के टीके की व्यवस्था नहीं होने संबंधी
- सी.एच.सी. और पी.एच.सी. में हाईड्रोक्सी यूरिया दवा नहीं मिलने संबंधी
- सी.एच.सी. में सिकलसेल का जांच नहीं होने संबंधी
- सी.एच.सी. और पी.एच.सी. में शौचालय की सफाई नहीं होने संबंधी
- पी.एच.सी. में मानसिक रोग की दवा नहीं मिलने संबंधी
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बल्ड बैंक की सुविधा संबंधी
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोनोग्राफी और एक्स–रे मशीन की सुविधा नहीं होना
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व जिला अस्पताल में स्टाफ की कमी संबंधी

**समस्या का समाधान**–सम्मलेन के दौरान और स्वास्थ्य संबंधी 28 समस्याओं का समाधान किया गया।

2. **महिला एवं बाल विकास**–19 शहरों के 20 सम्मेलनों में महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़े कार्यों संबंधित निम्न समस्याओं पर विभाग के परियोजना अधिकारी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि को हितग्राहियों द्वारा कुल 400 आवेदन दिया गया।

- आंगनबाड़ी समय पर नहीं खुलने संबंधी
- आंगनबाड़ी केंद्र रोज खोलने की मांग
- आंगनबाड़ी में मेनुचार्ट अनुसार भोजन नहीं दिए जाने संबंधी
- आंगनबाड़ी में अंडा देने संबंधी
- आंगनबाड़ी में रेडी टू ईट नहीं मिलने संबंधी
- मातृ वंदना योजना के अंतर्गत गर्भवती को राशि नहीं दिए जाने संबंधी
- आंगनबाड़ी केंद्र नहीं होने संबंधी
- आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्ता और सहायिका नहीं होने संबंधी
- आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका का बच्चों के साथ बुरा व्यवहार किये जाने संबधी

**समस्या का समाधान**–महिला एवं बाल विकास संबंधी 10 आवेदनों का समाधान सम्मलेन के दौरान किया गया।

3. **नगर निगम**–20 शहरों में आयोजित सभी 22 सम्मेलनों में 1612 आवेदन नगर निगम से संबंधित समस्याओं के नगर निगम सभापति, नगर निगम के महपौर और पार्षदों के समक्ष हितग्राहियों द्वारा प्रस्तुत किए गए जो निम्न है –

- सुलभ शौचालय निर्माण एवं सफाई संबंधी
- तालाब गहरीकरण, तालाब की सफई और सौन्दर्यकरण करवाने संबंधी
- सड़क निर्माण संबंधी

- पारा में नल कनेक्शन संबंधी
- पारा में नाली निर्माण एवं नाली की सफाई, टूटू हुयी नाली का पुनः निर्माण संबंधी
- पेंशन संबंधी समस्या
- विकलांग को ट्राईसाईकिल नहीं मिलने संबंधी
- बिजली कनेक्शन संबंधी
- सामुदायिक भवन निर्माण संबंधी
- कचरा गाड़ी के लिए
- विधवा पेंशन नहीं मिलने संबंधी
- सड़क सीमेंटीकरण करने संबंधी

**समस्या का समाधान**—सम्मलेन के दौरान नगर निगम से जुड़ी 52 समस्याओं का समाधान किया गया।

4. **शिक्षा विभाग**—19 शहरों में से 9 शहरों के सम्मेलनों से शिक्षा विभाग के कुल 61 आवेदन प्रस्तुत किए गए जो की निम्न समस्याओं पर आधारित है—

- अनुसूचित जाती एवं जनजाति छात्रों को छात्रवृति नहीं मिलना
- प्रायमरी एवं मिडिल स्कूल में शिक्षक की कमी होने संबंधी
- मध्यान भोजन में मेनू अनुसार भोजन नहीं दिया जाना
- शाला में शिक्षक की कमी संबंधी

**समस्या का समाधान**—प्रयास जारी है।

5. **पुलिस विभाग**—10 सम्मेलनों मे पुलिस थाना से संबंधित 41 आवेदन हितग्राहियों द्वारा सम्मलेन में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए गए जो की निम्न है—

- पारा मोहल्ले में शराब व जुआ को बंद कराने बाबत्
- बच्चों में नशा के रोकथाम से संबंधित
- गांजा बिक्री पर रोक लगाने संबंधी
- शराब दूकान हटवाने ग्राहियों द्वारा
- मोहल्ले में लड़ाई झगड़ा पर रोक लगाने संबंधी

**समस्या का समाधान**—केवल 1 समस्या का समाधान किया गया।

6. **विद्युत् विभाग**—8 सम्मेलनों में विद्युत विभाग के 59 आवेदन हितग्राहियों द्वारा सम्मलेन में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को दिए गए। यह आवेदन निम्न समस्याओं पर केन्द्रित थे—

- स्वास्थ्य सुविधा केंद्र में बिजली कनेक्शन के लिए
- सिगनल में लाईट नहीं जलने और नया सिगनल लगवाने संबंधी
- कॉलोनी में पेड़ो में बिजली के तारों की फसने की समस्या

- बिजली पोल लगवाने संबंधी
- रोड में लाईट लगाने संबंधी

**समस्या का समाधान**—प्रयास जारी है।

7. **खाद्य सुरक्षा**—17 सम्मेलनों में खाद्य सुरक्षा संबंधी 216 आवेदन हितग्राहियों द्वारा पार्षदों को दिए गए। राशन संबंधी निम्न समस्या पर आवेदन जमा किए गए—

- राशन कार्ड बनवाने संबंधी समस्या
- उज्ज्वल गैस कनेक्शन का लाभ नहीं मिलना
- मिट्टी तेल नहीं मिलना
- एक साथ पूरा राशन नहीं मिलने की समस्या
- राशन कार्ड रद्द करने की जांच
- वार्ड में राशन दूकान खुलवाने संबंधी

**समस्या का समाधान**—सम्मलेन के दौरान खाद्य सुरक्षा संबंधी 9 आवेदनों का समाधान किया गया।

8. **अन्य समस्या**—सम्मलेन में उपरोक्त समस्याओं के साथ ही अन्य समस्याओं पर 573 आवेदन दिए गए। यह आवेदन मुख्य रूप से उन समस्याओं पर केन्द्रित थे जिनका विभागीय स्तर पर आवेदन देने के बाद कार्यवाही नहीं की गयी। जिनमें मुख्य रूप से—

- सड़क निर्माण
- राशन कार्ड, पेंशन
- मितानिन भवन
- नाली निर्माण आदि

सम्मलेन के दौरान उपरोक्त समस्याओं पर जनप्रतिनिधियों को आवेदन दिया गया जिसमें सम्मलेन के दौरान कुछ समस्याओं का समाधान हो गया और सम्मलेन के दौरान सभी विभाग के अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन दिए गए जिनका बहुत जल्दी समाधान किये जाने का आश्वासन मुख्य अतिथियों द्वारा दिया गया।

**उपसंहार**—जनसंवाद कार्यक्रम एकजुटता, नीडरता, सशक्तिकरण का प्रतिक है। महिला आरोग्य समिति के सदस्यों के द्वारा मितानिनों के सहयोग से जनसंवाद कार्यक्रम में हितग्राहियों की समस्याओं को प्रस्तुत किया गया और उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं शासकीय कर्मचारियों के द्वारा धीरज के साथ समस्याओं को सुना गया और उनके समाधान का आश्वासन दिया गया। जनसंवाद एक सफल प्रयास है शासन की जनता के प्रति जवाबदेही का। आशा है सम्मेलनों में हितग्राहियों के द्वारा दिए गए समस्यों के आवेदनों का समाधान सकरात्मक रूप से शासन के द्वारा किया जाएगा।

## जनसंवाद कार्यक्रम

### शहर - भिलाई, रिसाली, जिला - दुर्ग

### सम्मेलन का दिनांक 18/02/2022, स्थान - वार्ड क्र.-13, मां शितला मंदिर सांस्कृतिक मंच

**कुल प्रतिभागी** – 0

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – 67

**मुख्य अतिथि–जनप्रतिनिधि (नाम व पद)** –

1. श्रीमति शशि सिन्हा, महापौर
2. केशव कुमार बंछोर, सभापति
3. ईश्वरी साहू, गजेंदरी कोठारी, ममता यादव, सविता दास, टीकम सिंह ठाकुर, सारिका साहू, माया यादव, शिला नारखेडे, संजू कुमार नेदाम, विधि यादव, विनय नेताम, रेखा देवी, सोनिया देवांगन, चन्द्र प्रकाश सिंह, ममता बाई सिन्हा, अनिल कुमार, विलास बोरकर, शैलेन्द्र कुमार साहू, गोविद चतुर्वेदी, परमेश्वर कुमार, दोमंलाल बार्ले, खिलेंद्र कुमार चंद्रकर, रोहित कुमार, हरिश्चंद्र, पार्वती महानंद, रमा साहू, अनूप दे, जमुना ठाकुर, सुनंदा चंद्रकर, सीमा साहू, ओमप्रकाश मिर्झा एवं रंजीता बेनुआ–पार्षदगण।

**अधिकारी (नाम व पद)** –

1. डॉ. चंद्रशेखर नायक, स्वास्थ्य विभाग
2. अजय देवांगन, कुष्ठ विभाग
3. भारती मारकाम, थाना प्रभारी रिसाली
4. गौरव तिवारी, साईबर क्राइम
5. महिला रक्षा टीम

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ)** –

1. स्वास्थ्य समस्या – 41
2. नगर निगम – 20
3. महिला एवं बाल विकास विभाग – 2
4. खाद्य सुरक्षा – 3
5. पुलिस विभाग – 1

**जनसंवाद के उपरांत की स्थिति/बदलाव/समस्याओं का समाधान**–

1. स्वास्थ्य समस्या – 3
2. नगर निगम – 2
3. महिला एवं बाल विकास विभाग – 1
4. खाद्य सुरक्षा – 1
5. पुलिस विभाग – 1
6. जनसंवाद के उपरांत कुछ समस्याओं जैसे पुलिस विभाग और स्वास्थ्य का निराकरण किया गया। शेष समस्याओं समाधान के लिए प्रयास जारी है।

## जनसंवाद कार्यक्रम

## शहर - भिलाई, जिला - दुर्ग

## सम्मेलन का दिनांक 07/03/2022, स्थान - सेक्टर-5 ए मार्केट

**कुल प्रतिभागी** – 0

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – 308

**मुख्य अतिथि–जनप्रतिनिधि (नाम व पद)** –

1. बंटी गिरवर साहू–सभापति, मो. सलमान–उप सभापति
2. वार्ड पार्षद–गिरजा बंछोर, वीणा चंद्रकर, पियूष मिश्रा, सरिता बघेल, राजकुमार जायसवाल

**अधिकारी (नाम व पद)** –

1. डॉ. बंजारे, खण्ड चिकित्सा अधिकारी
2. संजीव दुबे, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक दुर्ग
3. तुषार दुबे, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ)** –

1. स्वास्थ्य समस्या – 218
2. नगर निगम – 39
3. महिला एवं बाल विकास विभाग – 44
4. खाद्य विभाग – 2
5. पुलिस विभाग – 3
6. शिक्षा विभाग – 2

**जनसंवाद के उपरांत की स्थिति / बदलाव / समस्याओं का समाधान** –

1. जनसंवाद के उपरांत कुछ समस्याओं का निराकरण किया गया एवं शेष समस्याओं समाधान के लिए प्रयास जारी है।



## जनसंवाद कार्यक्रम

### शहर - चरौदा, जिला - दुर्ग

### सम्मेलन का दिनांक 23/02/2022, स्थान - वार्ड क्र.-17 वसुंधरा नगर सतनाम भवन चरौदा

**कुल प्रतिभागी** – **0**

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – **224**

**मुख्य अतिथि–जनप्रतिनिधि (नाम व पद)** –

1. निर्मल कोशरे, महापौर चरौदा
2. प्रेमलता चंद्राकर, अभिषेक, डे. शाह, द्विती वर्मा, कुसुमलता चंद्राकर, देवकुमारी, थामेश्वरी साहू, तुलसी साहू, गुरूचरण सिंह, रामखिलावन वर्मा, रवेन्द्र हरपाल, ललित यादव,नंदनी जागंड़े, धनंजय आदि पार्षदगण।

**अधिकारी (नाम व पद)** –

1. सैयद असलम, स्वास्थ्य विभाग
2. आर. विश्वास, सुपरवाईजर भिलाई 3
3. ए. दत्ता, सुपरवाईजर भिलाई 3

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ)** –

1. स्वास्थ्य समस्या – 116
2. नगर निगम – 65
3. महिला एवं बाल विकास विभाग – 32
4. खाद्य विभाग – 7
5. शिक्षा विभाग – 4

**जनसंवाद के उपरांत की स्थिति/बदलाव/समस्याओं का समाधान** –

1. स्वास्थ्य समस्या – 39
2. नगर निगम – 7
3. महिला एवं बाल विकास विभाग – 15
4. खाद्य विभाग – 5
5. शिक्षा विभाग – 1
6. जनसंवाद के उपरांत कुछ समस्याओं का निराकरण किया गया एवं शेष समस्याओं समाधान के लिए प्रयास जारी है।

## जनसंवाद कार्यक्रम

### शहर - दुर्ग, जिला - दुर्ग

### सम्मेलन का दिनांक 22/02/2022, स्थान - वार्ड क्र.-15 तिरंगा भवन दुर्ग

**कुल प्रतिभागी** – 0

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – 227

**मुख्य अतिथि–जनप्रतिनिधि (नाम व पद) –**

1. उषा ठाकुर, निर्मला साहू, जमुना साहू, बृजलाल पटेल, लता ठाकुर, श्रद्धा सोनी, होमेश्वरी निषाद, खिलवान गठियारा

**अधिकारी (नाम व पद) –**



1. तुषार वर्मा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक भिलाई
2. विवके, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक चरौदा

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. स्वास्थ्य समस्या – 76
2. नगर निगम – 23
3. महिला बाल विकास – 3
4. अन्य समस्या – 125

**जनसंवाद के उपरांत की स्थिति / बदलाव / समस्याओं का समाधान –**

1. विधवा पेंशन, विकलांगता पेंशन की 1–1 समस्या का समाधान हुआ
2. पीने के पानी का स्त्रोत साफ हुआ
3. तितुरडीही में जमा पानी साफ हुआ
4. जनसंवाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के द्वारा सामाजिक सुरक्षा और पेयजल की 4 समस्याओं का हल किया गया एवं शेष समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास जारी है।



# जनसंवाद कार्यक्रम

## शहर - कोरबा, जिला - कोरबा

## सम्मेलन का दिनांक 25/02/2022, स्थान - भंडारा गृह सर्वमंगला मंदिर के पीछे कोरबा

**कुल प्रतिभागी** – **0**

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – **499**

**मुख्य अतिथि–जनप्रतिनिधि (नाम व पद)** –

1. पुराईन बाई, कमला देवी राठौर, रवि चंदेल, दीया राठौर, हितानंद अग्रवाल, नारायण दास, कुकल दास, आरती अग्रवाल, विकास अग्रवाल, धनसिंह, अजय साहु, रितू चौरसिया आदि पार्षद कोरबा नगर निगम

**अधिकारी (नाम व पद)** –

1. अशोक सिंह, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक




**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ)** –

1. स्वास्थ्य समस्या – 147
2. नगर निगम – 215
3. महिला एवं बाल विकास विभाग – 50
4. कलेक्टर संबंधी – 3
5. पुलिस विभाग – 3
6. शिक्षा विभाग – 4
7. अबकारी विभाग – 1
8. पर्यावरण विभाग – 19
9. विधुत विभाग – 22
10. वन विभाग – 1
11. अन्य – 4

**जनसंवाद के उपरांत की स्थिति / बदलाव / समस्याओं का समाधान** –

1. जनसंवाद के उपरांत समस्याओं समाधान के लिए प्रयास जारी है।

## जनसंवाद कार्यक्रम

### शहर - जांजगीर, जिला - जांजगीर

### सम्मेलन का दिनांक 22/02/2022, स्थान - सांस्कृतिक भवन जांजगीर



**कुल प्रतिभागी** – 0

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – 174

**मुख्य अतिथि–जनप्रतिनिधि (नाम व पद) –**

1. वार्ड पार्षद

**अधिकारी (नाम व पद) –**

1. शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टर
2. महिला बाल विकास विभाग
3. ए.एन.एम.
4. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. स्वास्थ्य समस्या – 82
2. नगर पालिका – 49
3. महिला एवं बाल विकास विभाग – 23
4. खाद्य विभाग – 3
5. लोक निर्माण – 3
6. शिक्षा विभाग – 3
7. राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र – 11

**जनसंवाद के उपरांत की स्थिति/बदलाव/समस्याओं का समाधान –**

1. जनसंवाद के उपरांत कुछ समस्याओं का निराकरण किया गया एवं शेष समस्याओं समाधान के लिए प्रयास जारी है।



## जनसंवाद कार्यक्रम

### शहर - कांकेर, जिला - कांकेर

### सम्मेलन का दिनांक 22/02/2022, स्थान - वार्ड 12 पुराना कम्युनिटीहॉल

**कुल प्रतिभागी** — **0**

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** — **97**

**मुख्य अतिथि—जनप्रतिनिधि (नाम व पद)** —

1. सरोज ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष कांकेर
2. विजयलक्ष्मी कौशिक, लीना जैन, जंयत अटभैया, मीना उके, उगेश्वरी उइके, रमशीला साहू एवं आनंद चौरसिया आदि पार्षदगण

**अधिकारी (नाम व पद)** —

1. डी.आर. साहू, उपनिरीक्षक शाखा कांकेर
2. सुनील राजपूत, पुलिस अधीक्षक कार्यालय
3. रेशमी गोटी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ)** —

1. स्वास्थ्य समस्या — 4
2. नगर पालिका — 85
3. महिला एवं बाल विकास विभाग — 8

**जनसंवाद के उपरांत की स्थिति/बदलाव/समस्याओं का समाधान**

1. स्वास्थ्य समस्या — 1
2. नगर पालिका — 6
3. महिला एवं बाल विकास विभाग — 1
4. जनसंवाद के उपरांत कुछ समस्याओं का निराकरण किया गया एवं शेष समस्याओं समाधान के लिए प्रयास जारी है।

## जनसंवाद कार्यक्रम

### शहर - मुंगेली, जिला - मुंगेली

### सम्मेलन का दिनांक 03/03/2022, स्थान - वार्ड क्र.-2 सामुदायिक भवन मुंगेली

**कुल प्रतिभागी** — **0**

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** — **74**

**मुख्य अतिथि—जनप्रतिनिधि (नाम व पद)** —

1. हेमेन्द्र गोस्वामी, अध्यक्ष नगर पालिका
2. मोना नागरे, मनुराज सोनी, अरविंद वैष्णव, मोहित बंजारे, संजय चंदेल, राहुल जागड़े, सुशीला साहू, सोनी जागड़े एवं श्रीनिवास ठाकुर आदि पार्षदगण

**अधिकारी (नाम व पद)** —

1. गोविंद साहू, स्वास्थ्य विभाग
2. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता—ज्योति नामदेव, लीना ताम्रकार, पूर्णिमा, सुमित्रा टंडन, अरूणा खाण्डे, चंद्रकला ठाकुर, प्रियंका बांधे एवं प्रमिला ठाकुर आदि

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ)** —

1. स्वास्थ्य समस्या — 30
2. नगर पालिका — 21
3. महिला एवं बाल विकास विभाग — 14
4. अन्य विभाग — 9

**जनसंवाद के उपरांत की स्थिति/बदलाव/समस्याओं का समाधान** —

1. नगर पालिका की 1 समस्या का समाधान हुआ।
2. जनसंवाद के उपरांत कुछ समस्याओं का निराकरण किया गया एवं शेष समस्याओं समाधान के लिए प्रयास जारी है।

## जनसंवाद कार्यक्रम

### शहर - कवर्धा, जिला - कवर्धा

### सम्मेलन का दिनांक 07/03/2022, स्थान - वीर सावरकर भवन कवर्धा

**कुल प्रतिभागी** – **0**

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – **155**

**मुख्य अतिथि–जनप्रतिनिधि (नाम व पद)** –

1. पवन जायसवाल, मनीषा साहु, जानकी जायसवाल एवं महिमा गुप्ता आदि पार्षदगण

**अधिकारी (नाम व पद)** –

1. डॉ. शिव गोपाल, आर्दश नगर शहरी प्रा.स्वा. केन्द्र
2. लता, ए.एन.एम. सुपरवाईजर
3. शाहिदा कुरैशी, ए.एन.एम.
4. समिता सिंह, सुपरवाईजर महिला एवं बाल विकास
5. आगंनवाड़ी कार्यकर्त्ता–मैय्या वैष्णव, अंजू अवस्थी, सोनबाई बंजारे, रेहान बेगम, खुशबु जायसवाल

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ)** –

6. स्वास्थ्य समस्या – 11
7. नगर पालिका – 102
8. महिला एवं बाल विकास विभाग – 10
9. शिक्षा विभाग – 4
10. अन्य विभाग – 28

**जनसंवाद के उपरांत की स्थिति/बदलाव/समस्याओं का समाधान** –

1. स्वास्थ्य समस्या – 2
2. नगर पालिका – 1
3. जनसंवाद के उपरांत कुछ समस्याओं का निराकरण किया गया एवं शेष समस्याओं समाधान के लिए प्रयास जारी है।

## जनसंवाद कार्यक्रम

### शहर - भाटापारा, जिला - बलौदाबाजार

### सम्मेलन का दिनांक 03/03/2022, स्थान - संत रविदास वार्ड क्र.-21 भाटापारा

**कुल प्रतिभागी** – **0**

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – **120**

**मुख्य अतिथि–जनप्रतिनिधि (नाम व पद) –**

1. पुरूषोत्तम यदु, मुकेश सोनी, अनील चेलक, मोन्टू ध्रुव वार्ड पार्षद

**अधिकारी (नाम व पद) –**

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. स्वास्थ्य समस्या – 58
2. नगर पालिका – 54
3. महिला एवं बाल विकास विभाग – 5
4. खाद्य विभाग – 3

**जनसंवाद के उपरांत की स्थिति/बदलाव/समस्याओं का समाधान –**

1. जनसंवाद के उपरांत कुछ समस्याओं का निराकरण किया गया एवं शेष समस्याओं समाधान के लिए प्रयास जारी है।

## जनसंवाद कार्यक्रम

### शहर - महासमुंद, जिला - महासमुंद

### सम्मेलन का दिनांक 23/02/2022, स्थान - डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हाल महासमुंद

**कुल प्रतिभागी** – 0

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – 105

**मुख्य अतिथि–जनप्रतिनिधि (नाम व पद) –**

1. राजेश नेताम, मीना वर्मा, कुमारी देवार, मंगेश, सरला गोलुमदनकर, राहुल चंद्राकर एवं कमला बरिह पार्षद
2. मधु यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष



**अधिकारी (नाम व पद) –**

1. एम.पी. साहू, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
2. ललिता खलखो, मितानिन कार्यक्रम
3. जगृति बरेठ, मितानिन कार्यक्रम

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. स्वास्थ्य समस्या – 16
2. नगर पालिका – 47
3. महिला एवं बाल विकास विभाग – 25
4. खाद्य विभाग – 7
5. शिक्षा विभाग – 3
6. विद्युत विभाग – 7

**जनसंवाद के उपरांत की स्थिति / बदलाव / समस्याओं का समाधान –**

1. नगर पालिका – 3
2. महिला बाल विकास – 2
3. जनसंवाद के उपरांत कुछ समस्याओं का निराकरण किया गया एवं शेष समस्याओं समाधान के लिए प्रयास जारी है।



## जनसंवाद कार्यक्रम

### शहर - अंबिकापुर, जिला - सरगुजा

### सम्मेलन का दिनांक 25/03/2022, स्थान - सामुदायिक भवन दर्रीपारा अंबिकापुर

**कुल प्रतिभागी** – **0**

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – **131**

**मुख्य अतिथि–जनप्रतिनिधि (नाम व पद)** –

1. अजय तिर्की, महामौर अंबिकापुर नगर निगम
2. राकेश गुप्ता, अध्यक्ष
3. अदित श्रवन सिंह, उपाध्यक्ष
4. गोरेलाल, शलेन्द्र पार्षद
5. बंटी शर्मा अन्य

**अधिकारी (नाम व पद)** –

1. डॉ. पी.एस. सिसोदिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
2. डॉ. अमिन, शहर कार्यक्रम प्रबंधक
3. सुश्री अर्चना, जिला समन्वयक

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ)** –

1. स्वास्थ्य समस्या – 33
2. नगर निगम – 82
3. महिला एवं बाल विकास विभाग – 16

**जनसंवाद के उपरांत की स्थिति/बदलाव/समस्याओं का समाधान** –

1. जनसंवाद में उपस्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा तुरंत 5 समस्याओं का हल किया। शेष समस्याओं के समाधान के लिए आश्वासन दिया गया। महापौर द्वारा सभी आवेदन का तुरंत निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मितानिन भवन निर्माण का ऐलान किया गया एवं 30 लाख रूपये भी पास किया गया।

## जनसंवाद कार्यक्रम

### शहर - चिरमिरी, जिला - कोरिया

### सम्मेलन का दिनांक 23/02/2022, स्थान - सभागार नगर निगम चिरमिरी

**कुल प्रतिभागी** – **0**

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – **215**

**मुख्य अतिथि–जनप्रतिनिधि (नाम व पद) –**

1. कचंन जायसवाल, महापौर
2. चुन्नी पैकरा, जिला पंचायत सदस्य
3. कृष्णकला, जनपद पंचायत सदस्य
4. सुनिता, संतोषी, पुष्पा पार्षद
5. शैल कुमारी, एल्डरमैन

**अधिकारी (नाम व पद) –**

1. विजेन्द्र सिंह, आयुक्त
2. उमेश तिवारी, स्वाच्छता अधिकारी
3. पूजा विश्राम, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक
4. डॉ. राजेश यादव
5. डॉ. श्रावन कुमार

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. स्वास्थ्य समस्या – 39
2. नगर निगम – 90
3. महिला एवं बाल विकास विभाग – 2
4. खाद्य विभाग – 47
5. वन विभाग – 3
6. विद्युत विभाग – 15
7. पुलिस विभाग – 5
8. अन्य – 14

**जनसंवाद के उपरांत की स्थिति/बदलाव/समस्याओं का समाधान –**

1. स्वास्थ्य समस्या – 1
2. नगर निगम – 21
3. विद्युत विभाग – 2
4. पुलिस विभाग – 1
5. अन्य समस्या – 11
6. जनसंवाद के उपरांत कुछ समस्याओं का निराकरण किया गया एवं शेष समस्याओं समाधान के लिए प्रयास जारी है।

## जनसंवाद कार्यक्रम

### शहर - रायगढ़, जिला - रायगढ़

### सम्मेलन का दिनांक 21/02/2022, स्थान - कयाधार जेल पारा रायगढ़



**कुल प्रतिभागी** – 0

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – 966

**मुख्य अतिथि–जनप्रतिनिधि (नाम व पद) –**

1. विनोद महेश, रथु जायसवाल, प्रतिक विश्वाल, पार्षदगण

**अधिकारी (नाम व पद) –**

1. राकेश वर्मा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक
2. पुष्पलता पाणीग्रही, सुपरवाईजर
3. रेखा सोनी, महिला बाल विकास सुपरवाईजर

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. स्वास्थ्य समस्या – 449
2. नगर निगम – 235
3. खाद्य विभाग – 81
4. महिला बाल विकास – 49
5. वन विभाग – 13
6. पुलिस विभाग – 15
7. पशु चिकित्सा – 18
8. विद्युत विभाग – 10
9. अन्य – 95

**जनसंवाद के उपरांत की स्थिति / बदलाव / समस्याओं का समाधान –**

1. स्वास्थ्य समस्या – 53
2. नगर निगम – 106
3. खाद्य विभाग – 9
4. महिला बाल विकास – 18
5. वन विभाग –
6. पुलिस विभाग – 6
7. पशु चिकित्सा – 4
8. विद्युत विभाग – 2
9. अन्य – 16
10. जनसंवाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के द्वारा समस्याओं का हल किया गया एवं शेष समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास जारी है।

## जनसंवाद कार्यक्रम

### शहर - धमतरी, जिला - धमतरी

### सम्मेलन का दिनांक 25/02/2022, स्थान - सामुदायिक भवन विंध्यावासिनी वार्ड धमतरी

**कुल प्रतिभागी** – **0**

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – **304**

**मुख्य अतिथि–जनप्रतिनिधि (नाम व पद)** –

1. विजय देवांगन, महापौर नगर निगम धमतरी
2. राजेश पाण्डे, राजेन्द्र शर्मा, धनीराम सोनकर, कुलेश सोनी, अज्जू देशलहरे, विजय मोटवानी, नीलू पवार, ज्योति वाल्मिकी, सुशीला कंवर, पूर्णिमा निर्मलकर आदि पार्षदगण

**अधिकारी (नाम व पद)** –

1. चित्ररेखा यादव, महिला बाल विकास विभाग
2. अनुराधा पाण्डे, महिला एवं बाल संरक्षण

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ)** –

1. स्वास्थ्य समस्या – 205
2. नगर निगम – 85
3. महिला बाल विकास – 14

**जनसंवाद के उपरांत की स्थिति / बदलाव / समस्याओं का समाधान** –

1. जनसंवाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के द्वारा समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास जारी है।

## जनसंवाद कार्यक्रम

### शहर - राजनांदगांव, जिला - राजनांदगांव

### सम्मेलन का दिनांक 25/02/2022, स्थान - मितानिन प्रशिक्षण भवन मेजर ध्यानचंद चौक

**कुल प्रतिभागी** – **0**

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – **73**

**मुख्य अतिथि–जनप्रतिनिधि (नाम व पद)** –

1. हेमा देशमुख, महापौर
2. शिव शर्मा, गगन आईच, चंद्रकला देवांगन, देवशरण सेन, करूणा ठाकुर, खेमिन यादव, शरद पटेल, मधु बौध, संजय रजक, विजय राय, आशीष डोंगरे आदि पार्षदगण

**अधिकारी (नाम व पद)** –

1. अनामिका विश्वास, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक
2. तन्मय घोष, पोस्ट ऑफिस
3. गायत्री साहू, वंदना सखी सेंटर

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ)** –

1. स्वास्थ्य समस्या – 20
2. नगर निगम – 17
3. महिला बाल विकास – 4
4. खाद्य विभाग – 3
5. पुलिस विभाग – 3
6. अन्य – 25

**जनसंवाद के उपरांत की स्थिति/बदलाव/समस्याओं का समाधान** –

1. जनसंवाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के द्वारा समस्याओं का हल किया गया एवं शेष समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास जारी है।

## जनसंवाद कार्यक्रम

### शहर - रायपुर, जिला - रायपुर

### सम्मेलन का दिनांक 23/02/2022, स्थान - हरदेवलाला मंदिर सामुदायिक मैदान रायपुर

**कुल प्रतिभागी** – 0

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – 223

**मुख्य अतिथि–जनप्रतिनिधि (नाम व पद)** –

1. पार्षदगण, सरिता वर्मा वार्ड 65, सुमीत दास वार्ड 59, सतनाम पनाग वार्ड 63, उत्तम साहू वार्ड 67

**अधिकारी (नाम व पद)** –



1. अमरिन खान, सहायक मेडिकल अधिकारी मठपुरेना
2. हुसेन खान, सहायक मेडिकल अधिकारी मठपुरेना
3. कैलाश मरकाम, जोन

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ)** –

1. स्वास्थ्य समस्या – 44
2. नगर निगम – 78
3. खाद्य विभाग – 19
4. शिक्षा विभाग – 24
5. पुलिस विभाग – 3
6. अन्य – 55

**जनसंवाद के उपरांत की स्थिति / बदलाव / समस्याओं का समाधान** –

1. जनसंवाद के उपरांत महिला बाल विकास विभाग के समस्याओं का निराकरण किया गया। राशन दुकान की समस्या, मितानिन भवन और स्कूल में शौचालय निर्माण की समस्या हल हो गया। शेष समस्याओं समाधान के लिए प्रयास जारी है।



राजधानी के टिकरापारा हरदेवलाला मंदिर में रायपुर क्षेत्र की मितानिनों का जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नाटक के जरिए शासकीय योजनाओं की निगरानी, और जनता को मिलने वाले लाभ को प्रदर्शित किया गया। तस्वीर/'छत्तीसगढ़'

## जनसंवाद कार्यक्रम

### शहर - रायपुर, जिला - रायपुर

### सम्मेलन का दिनांक 09/03/2022, स्थान - रजबंधा मैदान सामुदायिक भवन रायपुर

**कुल प्रतिभागी — 0**

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या — 215**

**मुख्य अतिथि—जनप्रतिनिधि (नाम व पद) —**

1. आकाश तिवारी, अनवर हुसैन पार्षद

**अधिकारी (नाम व पद) —**

1. डॉ. सुभरथ, राजातालाब प्रा.स्वा. केन्द्र
2. पी. कुमारी, मोवा प्रा.स्वा. केन्द्र

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) —**

1. स्वास्थ्य समस्या — 101
2. नगर निगम — 21
3. महिला बाल विकास — 29
4. खाद्य विभाग — 8
5. पुलिस विभाग — 1
6. शिक्षा विभाग — 15
7. अन्य — 40

**जनसंवाद के उपरांत की स्थिति / बदलाव / समस्याओं का समाधान —**

1. जनसंवाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के द्वारा समस्याओं का हल किया गया एवं शेष समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास जारी है।

## जनसंवाद कार्यक्रम

### शहर - रायपुर, जिला - रायपुर

### सम्मेलन का दिनांक 25/02/2022, स्थान - रैन बसेरा खमतराई रायपुर

**कुल प्रतिभागी** – **0**

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – **215**

**मुख्य अतिथि–जनप्रतिनिधि (नाम व पद) –**

1. घनश्याम क्षत्री, नारद कौशल, टेशुनंद किशोर साहू, अन्नू राम साहू, गोदावरी गज्जू साहू, वरेन्द्र साहू, प्रकाश जगत, मनीराम साहू, भोलाराम साहू, सुन्फर जोगी, रजा, कामिनी देवांगन, दिलेश्वरी साहू, पार्षद्रगण

**अधिकारी (नाम व पद) –**

1. केशकुमार यादव, गोगांव प्रा.स्वा. केन्द्र
2. मोती दुबे, कोकिला ठाकुर, ममता डी.डी., लक्ष्मी तिवारी, सुजाता ढेलाबे, ममता साहू इंदा घृतलहरे, सुशीला साहू, संगीता सोनी आदि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. स्वास्थ्य समस्या – 65
2. नगर निगम – 25
3. महिला बाल विकास – 34
4. पुलिस विभाग – 4
5. शिक्षा विभाग – 3
6. खाद्य विभाग – 9
7. विद्युत विभाग – 1
8. अन्य समस्या – 74

**जनसंवाद के उपरांत की स्थिति/बदलाव/समस्याओं का समाधान –**

1. जनसंवाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के द्वारा समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास जारी है।

## जनसंवाद कार्यक्रम

### शहर - बिरगांव, जिला - रायपुर

### सम्मेलन का दिनांक 24/02/2022, स्थान - बुधवारी बाजार बिरगांव

**कुल प्रतिभागी** – 0

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – 118

**मुख्य अतिथि–जनप्रतिनिधि (नाम व पद) –**

1. उबारन दास, पुष्प यादव, कृपाराम निषाद, ज्ञानेश्वरी मिर्झा, भर्ती नंदू चंद्राकर, कविता सुदन, सुशीला मारकंडेय, ओमप्रकाश साहू, समारू राम पात्रे, शरद साहू, दीपक साहू, हेमचान्द्रनी गोस्वामी, अश्वनी चांदे, डिकेन्द्र सिन्हा, नंदलाल देवांगन, सरोज कुर्रे, दिलदार कुमरे, इकराम अहमद, मोहम्मद रियाज, खेमलाल साहू, होरीलाल देवांगन, रुखमणि सिन्हा, डा. संतोष साहू, केहरू साहू, गोदावरी साहू, पार्षदगण

**अधिकारी (नाम व पद) –**

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. स्वास्थ्य समस्या – 31
2. नगर निगम – 62
3. महिला बाल विकास – 11
4. खाद्य विभाग – 14

**जनसंवाद के उपरांत की स्थिति / बदलाव / समस्याओं का समाधान –**

1. जनसंवाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के द्वारा राशन कार्ड, विधवा पेंशन, सी.सी. रोड निर्माण, नल टेक्स नही लेना, गली में कैमरे की व्यवस्था आदि समस्याओं का हल किया गया एवं शेष समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास जारी है।



## जनसंवाद कार्यक्रम

### शहर - जगदलपुर, जिला - बस्तर

### सम्मेलन का दिनांक 23/02/2022, स्थान - कृषि उपज मंडी, महारानी वार्ड 14

**कुल प्रतिभागी** – 0

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या** – 176

**मुख्य अतिथि–जनप्रतिनिधि (नाम व पद)** –

1. सफिरा साहू, महापौर जगदलपुर
2. सुखराम नाग, सुशिल बघेल, लता निषाद, कमलेश पाठक, राजेश राय, सुषमा कश्यप, योगेश सिंह ठाकुर, आलोक अवस्थी, वी. ललिता राव, कोमल सेना श्वेता बधेल आदि पार्षदगण

**अधिकारी (नाम व पद)** –

1. पी.डी. बस्तिया, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक
2. बी. पाण्डया, मलेरिया अधिकारी
3. बी.आर. माली, कुष्ठ अधिकारी
4. नंदनी आचार्य, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास
5. मीना माथुर, सुपरवाईजर
6. बबीता सिंह, रजनी पाटील, आरती बघेल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ)** –

1. स्वास्थ्य समस्या – 81
2. नगर निगम – 37
3. महिला बाल विकास – 7
4. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी – 4
5. खाद्य विभाग – 1
6. विद्युत विभाग – 1
7. राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र – 41
8. अन्य – 27

**जनसंवाद के उपरांत की स्थिति / बदलाव / समस्याओं का समाधान** –

1. जनसंवाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के द्वारा समस्याओं का हल किया गया एवं शेष समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास जारी है।

## जनसंवाद कार्यक्रम

### शहर - बिलासपुर, जिला - बिलासपुर

### सम्मेलन का दिनांक 08/03/2022, स्थान - लक्ष्मी चौक चिंगराज पारा

**कुल प्रतिभागी – 0**

**कुल प्राप्त आवेदन की संख्या – 176**

**मुख्य अतिथि–जनप्रतिनिधि (नाम व पद) –**

1. पुष्पा तिवारी, ओमप्रकाश पाण्डेय, पार्षद

**अधिकारी (नाम व पद) –**

1. डा. आकांक्षा झा

**किन समस्याओं पर आवेदन दी गई (संख्या के साथ) –**

1. स्वास्थ्य समस्या – 104
2. नगर निगम – 156
3. महिला बाल विकास – 32
4. ग्रामीण बैंक संबंधी – 4
5. जिलाधीश – 39
6. खाद्य विभाग – 9
7. विद्युत विभाग – 3

**जनसंवाद के उपरांत की स्थिति / बदलाव / समस्याओं का समाधान –**

1. जनसंवाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के द्वारा समस्याओं का हल किया गया एवं शेष समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास जारी है।

**राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र, छत्तीसगढ़**

**कालीबाड़ी, रायपुर-492001**

**दूरभाष : 0771-2236175, 2236104**